रोहतक, 13 फरवरी। हरियाणा के राज्यपाल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने आज विश्वविद्यालय परिसर में विवेकानंद पुस्तकालय विस्तारण भवन का शिलान्यास तथा गणित विभाग के नव-निर्मित विस्तारित ब्लॉक का उद्घाटन किया। कुलाधिपति प्रो. कप्तान सिंह सोलंकी ने मदवि को नवीनतम इंफ्रास्ट्रक्चर विकास पर हार्दिक बधाई दी।

विवेकानंद पुस्तकालय का विस्तारण भवन 4 करोड 50 लाख रूपए की अनुमानित लागत से निर्मित किया जाएगा। इस भवन का कवर्ड क्षेत्र है 3075 वर्ग मीटर। इस भवन में भूतल, प्रथम तल, तथा द्वितीय तल पर रीडिंग हॉल की व्यवस्था होगी जिसमें प्रत्येक रीडिंग हाल में 500 विद्यार्थियों के पढने की व्यवस्था होगी।

गणित विभाग का नव-निर्मित विस्तारित ब्लॉक 80 लाख रूपए की लागत से बना है। इस शैक्षणिक ब्लॉक का कवर्ड क्षेत्र है 568 वर्ग मीटर। इस ब्लॉक में 2 लैक्चर थिएटर, 1 सेमिनार हाल, 6 फैकल्टी कक्ष, तथा 1 स्टूडेंट कॉमनरूम की व्यवस्था होगी।

आज इस शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में हरियाणा के सहकारिता राज्य मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, कुलपति प्रो बिजेन्द्र कुमार पूनिया, हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग की प्रधान सचिव श्रीमती ज्योती अरोडा, मदवि डीन, एकेडमिक एफेयरस प्रो एके के राजन, मदवि कुलसचिव जितेन्द्र भारद्वाज, लाइब्रेरियरन डा सतीश मलिक, विभिन्न संकायों के डीन, मदवि स्वागत समिति सदस्यगण, जिला प्रशासन के आला अधिकारी गण, आदि उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. पुनिया ने कहा कि इस भवनों के निर्माण से विद्यार्थीगण लाभान्वित होंगे, तथा शैक्षणिक गतिविधियों को बढावा मिलेगा।